# भारत को आर्थिक से पहले खेल महाशक्ति बनना होगा : डीजीपी

**जागरण संवाददाता, देहरादून** : वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि (यूटीयू) के झाझरा परिसर में प्रथम एथलेटिक्स मीट एवं टेक्नो कल्चरल फेस्टिवल (कौथिक-2023) का सोमवार को रंगारंग आगाज हुआ। दो दिवसीय प्रतियोगिता का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अशोक कुमार ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को आर्थिक महाशिक्त बनने से पहले अमेरिका और चीन को पछाड़ते हुए खेल महाशक्ति बनना होगा। इसके लिए युवा शक्ति को अपनी संपूर्ण ऊर्जा खेल के क्षेत्र में लगानी होगी। खेल से न केवल स्पर्धा की भावना बढ़ती है बल्कि यह स्वस्थ्य जीवन के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है। प्रत्येक छात्र को पढ़ाने के साथ-साथ खेलकूद में भी अव्वल रहना होगा। तभी वह प्रगति कर सकता है।

इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इसके बाद यूटीयू विवि परिसर, महिला प्रौद्योगिकी संस्थान और उससे संबद्ध कालेज के छात्र-छात्राओं ने 100 एवं 200 मीटर रिले रेस में भाग लिया। साथ लांग जंप, हाई जंप, गोला फेंक, भाला फेंक, डिस्कस थ्रो, हैमर थ्रो में अपना हुनर दिखाया। दोपहर बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि दून विवि की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल ने किया। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग की शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद और सांस्कतिक कार्यक्रम छात्र जीवन में बेहद जरूरी है। उन्होंने गढ़वाली, कुमाऊंनी और अन्य भाषाओं में छात्राओं की ओर से दी गई प्रस्तुति की प्रशंसा की। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने आकर्षक परिधानों में रैंप पर मिस एवं मिस्टर यूटीयू के लिए कैटवाक किया। मंगलवार को समापन में बतौर मुख्य अतिथि तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल व विशिष्ट अतिथि विधायक सहदेव पुंडीर खिलाड़ियों को मेडल और सांस्कृतिक कार्यक्रम की विजेता टीम को कौथिग-20123 विवि की रनिंग विजेता ट्राफी से सम्मानित करेंगे।

उत्तराखंड टेक्निकल विवि की प्रथम वार्षिक एथलेटिक्स मीट के दौरान ऊंची कूद में प्रतिभाग करता खिलाड़ी • जागरण